मूंग खरीदी की मांग को लेकर किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

▶ ट्रैक्टर रैली के साथ निकाली प्रतीकात्मक शव यात्रा

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा, 9 जुलाई. सिवनी मालवा में ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सहित विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया.

दोपहर 3 बजे तवा कॉलोनी से सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची.

यहां किसानों ने मध्य प्रदेश शासन की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विरोध में भी नारे लगाए गए. तहसील कार्यालय पहुंचने पर किसानों ने मुख्य द्वार पर धरना दिया. भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते हुए सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश के किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं.

इसके बाद यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम विजय राय को सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि नर्मदापुरम जिले सहित प्रदेश के अनेक जिलों के किसानों ने भीषण गर्मी और विपरीत परिस्थितियों में ग्रीष्मकालीन मूंग का उत्पादन किया, लेकिन सरकार द्वारा केवल 25 प्रतिशत उपज खरीदी का निर्णय किसानों के साथ अन्याय है.

किसान संघ ने नर्मदा जल में खड़े होकर किया जल सत्याग्रह

नर्मदापुरम,9 जुलाई . मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है. आंदोलन के तहत चौथे दिन किसानों ने नर्मदा नदी में पहुंचकर जल सत्याग्रह किया. किसान लगभग तीन घंटे तक नर्मदा जल में खड़े रहकर अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते रहे. इसके बाद किसानों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा और वापस धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को जारी रखा. भारतीय किसान संघ के मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है, लेकिन इसके बावजूद किसान परेशान हैं. सरकार को किसानों के हित में निर्णय लेते हुए मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी करनी चाहिए. यदि मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाएगा. जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह राजपूत ने बताया कि किसान सिर पर कलश रखकर मां नर्मदा के दर्शन करने पहुंचे और जल सत्याग्रह किया.

आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई, 30 संदिग्ध हिरासत में

नवभारत न्यूज

इटारसी, 9 जुलाई . यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्टेशन परिसर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने इटारसी रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से मेगा चेकिंग अभियान चलाया. अचानक हुई इस कार्रवाई से स्टेशन परिसर और ट्रेनों में हड़कंप मच गया.

संयुक्त टीम ने सभी प्लेटफॉर्मों, प्रतीक्षालयों तथा स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों के सामान्य और शयनयान कोचों में सघन तलाशी अभियान चलाया. जांच के दौरान 30 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है. अभियान के दौरान ट्रेनों में अवैध रूप से प्रवेश कर यात्रियों को सामान बेचने वाले अनधिकृत वेंडरों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई. संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं.

मूंग खरीदी व आपूर्ति को लेकर उठाए मुद्दे

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर से की चर्चा

इटारसी, 9 जुलाई . जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पाण्डेय ने नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा से मुलाकात कर किसानों एवं जिले की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की.

उन्होंने प्रमुख रूप से मूंग की संपूर्ण सरकारी खरीदी शीघ्र शुरू कराने, गेहूं की बकाया राशि का भुगतान कराने तथा डीएपी व अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया.

मुलाकात के दौरान शोभापुर क्षेत्र में किसानों की सुविधा के लिए तीन नए खरीदी केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता भी उठाई गई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. इसके साथ ही नर्मदापुरम शहर में विभिन्न स्थानों पर खुदी पड़ी सीवर लाइनों को व्यवस्थित कर आमजन को हो रही असुविधा दूर करने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा गया.

नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण और गुणवत्ता पर सख्त निर्देश

इटारसी. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मालवीयगंज में निर्माणाधीन सीसी सड़क का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया. उन्होंने सड़क की मोटाई, निर्माण सामग्री तथा तकनीकी मानकों की बारीकी से जांच करते हुए निर्माण एजेंसी को निर्धारित गुणवत्ता का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान श्री चौरे ने कहा कि सड़क के दोनों ओर कुछ दिनों तक आवागमन प्रतिबंधित रखा जाए, नियमित क्योरिंग की जाए तथा आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के

रहवासियों के बीच पहुंचे नपा अध्यक्ष पंकज चौरे

इटारसी, 9 जुलाई. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार सुबह समरसता नगर स्थित ,।क्क के-16 प्रधानमंत्री आवास मल्टी परिसर का निरीक्षण कर रहवासियों से सीधे संवाद किया. उन्होंने परिवारों का हालचाल जानने के साथ पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष चौथे माले की छत पर पहुंचे और पानी की टंकियों की जांच की. सभी टंकियां भरी मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया. छत पर जलभराव की शिकायत मिलने पर अधिकारियों को तत्काल जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिए.

नागद्वारी मेले से पूर्व आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

▶ 750 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 53 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त, 8

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 9 जुलाई . कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा नागद्वारी मेले के पूर्व वृत पिपरिया अंतर्गत पचमढ़ी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई. अभियान के दौरान बड़ा महादेव, डीपी प्वाइंट, मटकुली, देनवा नदी किनारा, सिंगनामा एवं पगारा क्षेत्र में आकस्मिक दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किए गए. कार्रवाई के दौरान लगभग 750 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 53 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई. जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 80 हजार 300 रुपये आंकी गई है.

जलभराव की शिकायतों का नहीं हुआ समाधान

इटारसी. ग्राम नागत्र खफा में जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है. ग्रामीणों का आरोप है कि 181 हेल्पलाइन और जनसुनवाई में कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. गांव की गलियों में गंदा पानी जमा होने से संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ गई है और स्कूली बच्चों को रोज इसी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार सरपंच और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन जल निकासी की व्यवस्था अब तक नहीं की गई. ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है.

एक नजर में

उल्लंघन पर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

हरदा,9 जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक के निर्देश पर गुरुवार को परिवहन विभाग ने जिले के विभिन्न मार्गों पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया .जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि अभियान के दौरान यात्री बसों, स्कूल बसों, ऑटो रिक्शा, लोडिंग वाहनों एवं डंपरों की जांच की गई. इस दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट नंबर प्लेट, बीमा, पीयूसी, फिटनेस और परमिट संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई .जांच में 10 यात्री बसें बिना परमिट एवं बिना वीएलटीडी सहित अन्य मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन में संचालित मिलीं. विभाग ने नियमानुसार चालानी कार्रवाई करते हुए 7,500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया. साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन करने की हिदायत दी गई.

स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने सौंपा ज्ञापन

पिपरिया, 9 जुलाई.स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शासकीय शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में स्नातक (यूजी) स्तर के सभी विषयों में 25 प्रतिशत सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर उच्च शिक्षा आयुक्त (भोपाल) के नाम कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन सीटें सीमित होने के कारण क्षेत्र के कई योग्य छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं. विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य तथा स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए सीटों में वृद्धि अत्यंत आवश्यक है .स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने विश्वास जताया कि उच्च शिक्षा विभाग इस गंभीर विषय पर सकारात्मक एवं शीघ्र कार्रवाई करेगा. ज्ञापन सौंपने के दौरान स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के सचिव वैभव शर्मा, प्रणय दुबे, यशवंत, नीरज, अनुज, शिवम, मुरलीवार, संजोग पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने की धान रोपाई

पिपरिया, 9 जुलाई. शासकीय सीएम राइज आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में एक अनूठा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। शहर के एकमात्र प्रमुख खेल मैदान में इन दिनों बरसात का पानी भरा हुआ है, जिससे खिलाड़ियों और बच्चों को अभ्यास करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है .खिलाड़ियों और छात्रों ने मैदान से पानी निकासी की मांग को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. इसके विरोध में खिलाड़ियों ने खेल मैदान में धान की रोपाई कर अपना विरोध दर्ज कराया .स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन से जुड़े खिलाड़ियों का कहना है कि पहले ही सीएम राइज स्कूल के निर्माण के कारण खेल मैदान का क्षेत्रफल कम हो गया है. वहीं, निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया, जिसके कारण मैदान में पानी भर जाता है. स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के सचिव वैभव शर्मा ने कहा कि इस अनोखे विरोध प्रदर्शन के बाद उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी जागेंगे और खेल मैदान से पानी निकलवाने की व्यवस्था करेंगे.

भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 9 जुलाई . भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह, जिला प्रभारी अलकेश आर्य, किसान मोर्चा संभाग प्रभारी राजेन्द्र सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला की सहमति से किसान मोर्चा जिला नर्मदापुरम के जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल ने किसान मोर्चा जिला पदाधिकारियों एवं 24 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की.

जिला कार्यकारिणी में विनोद वर्मा, शंभू सिंह भाटी, निर्मल सिंह राजपूत, दयाराम साध एवं धर्मेंद्र पटेल को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. योगेन्द्र सिंह चंदेल एवं मुकेश तिवारी को जिला महामंत्री बनाया गया है. वहीं साहब सिंह पटेल, प्रीतम सिंह ठाकुर, विजय चौरे, भरत सिंह पटेल (पालाखेड़ी) एवं रामशंकर जाट को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है.

साथ ही केतार सिंह चौहान को जिला कोषाध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल को सह-कोषाध्यक्ष, अभिषेक चौहान को जिला कार्यालय मंत्री एवं ब्रजेश कौरव को सह-कार्यालय मंत्री बनाया गया है. घनश्याम रघुवंशी मीडिया प्रभारी, प्रशांत ठाकुर सह मीडिया प्रभारी, राजेश सराठे आईटी प्रभारी, मनीष पटेल सहप्रभारी आईटी, राहुल पटेल सोशल मीडिया प्रभारी, नीरज कुशवाहा सह सोशल मीडिया प्रभारी, विनय हर्णे जिला प्रशिक्षण प्रभारी, शांतिलाल यादव जिला सह प्रशिक्षण प्रभारी, हरिनारायण यादव मन की बात प्रभारी, गोपाल पटेल सहप्रभारी मन की बात, दीपक शर्मा शासन की योजनाएं के प्रभारी, शैलेष चौधरी शासन की योजनाओं के सहप्रभारी, पंचम सिंह बैकर जिला लाभार्थी प्रमुख, मनीष जैन सह प्रमुख, गंभीर सिंह राजपूत प्राकृतिक खेती प्रमुख एवं आदित्य तिवारी नीति एवं शोध प्रभारी नियुक्त किये गए हैं.

वहीं किसान मोर्चा के 24 मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है. इनमें पिपरिया नगर से नीलेश ठाकुर, पिपरिया ग्रामीण से लखन रघुवंशी, बनखेड़ी ग्रामीण से पहलवान सिंह पटेल, बनखेड़ी से रितेश पाण्डेय, चांदौन से लक्ष्मीनारायण कुशवाह, खापरखेड़ा से प्रदीप पटेल, पचमढ़ी से पवन पटेल, शोभापुर से रामबाबू पटेल, सोहागपुर से रामनारायण रघुवंशी, सेमरी हरचंद से चेतन मीना, माखननगर से राजेन्द्र सोलंकी, आरी से इंदर सिंह राजपूत, रामपुर से महावीर प्रसाद यादव, नर्मदापुरम नगर से धनंजय दुबे, नर्मदापुरम से देवानंद यादव, नर्मदापुरम ग्रामीण से संदीप चौहान, इटारसी से संदीप तिवारी, पुरानी इटारसी से अंकित मेहतो, डोलरिया से बलराम तिवारी, केसला से ब्रजेश यादव, सिवनी मालवा ग्रामीण से तुलसीराम यदुवंशी, शिवपुर से सज्जन सिंह पटेल, भीलटदेव से सुनील साध तथा सिवनी मालवा नगर से युवराज सिंह ठाकुर को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया.

चोरी की वारदातों का खुलासा तीन आरोपी किए गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

हरदा, 9 जुलाई . टिमरनी पुलिस ने घरों और दुकानों में चोरी की चार वारदातों का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने टिमरनी थाना क्षेत्र की दो तथा रहटगांव थाना क्षेत्र की दो चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. पुलिस ने उनके कब्जे से नकदी भी बरामद की है.

पुलिस अधीक्षक शंशाक के मार्गदर्शन में सीसीटीवी फुटेज, साइबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय चौहान (22) निवासी अमलाडा, अनुराग चौहान (27) निवासी गाडरापुर और अलीप सिंह (24) निवासी सिवनी मालवा के रूप में हुई है.

आरोपियों ने जनवरी में ग्राम गोगिया तथा मई में ग्राम छोटी छीपानेर में हुई चोरियों के अलावा रहटगांव थाना क्षेत्र के सिरकंबा और टेमागांव में नकदी चोरी की वारदातें भी कबूल की हैं. पुलिस ने आरोपियों से पांच-पांच हजार रुपये नकद जब्त कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है. मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है.

नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की जनसुनवाई

नर्मदापुरम. नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा गुरुवार जनसुनवाई की गई. जनसुनवाई में अनेक समस्याओं का त्वरित समाधान कराया गया. साथ ही जांच योग्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित शाखा में भेजा गया. कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष जनसुनवाई में जल भराव की समस्या, साफ सफाई तथा पीएम आवास से संबंधित थीं.जिनका समुचित समाधान

15 जुलाई तक लगेगा प्रवेश मेला

▶ विद्यार्थियो को मिलेगा उसी दिन प्रवेश

माखन नगर. श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय कॉलेज, माखन नगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 15 जुलाई तक प्रवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है. सीएलसी, अतिरिक्त चरण के अंतर्गत महाविद्यालय का उद्देश्य 'अधिकतम प्रवेश, उसी दिन प्रवेश' है.

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता चौबे ने माखन नगर एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों से प्रवेश मेले का लाभ उठाने की अपील की है. प्रवेश प्रभारी डॉ. आई एस कनेश ने बताया कि महाविद्यालय में बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश जारी हैं तथा पात्र विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया यथासंभव उसी दिन पूर्ण की जा रही है. महाविद्यालय परिवार ने माखन नगर के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करें और उन्हें प्रवेश मेले में भेजें.

वैष्णो देवी के लिए रवाना 300 श्रद्धालुओं का जत्था

इटारसी. दुर्गा चौक समिति के तत्वावधान में माता वैष्णो देवी यात्रा का 51वां जत्था 10 जुलाई को इटारसी से रवाना होगा. जत्था प्रभारी जतिन बतरा ने बताया कि इस वर्ष शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 300 श्रद्धालु यात्रा में शामिल होंगे. वर्ष 1978-79 में पांच श्रद्धालुओं द्वारा शुरू की गई यह परंपरा अब तक 28 हजार से अधिक भक्तों को माता के दरबार तक पहुंचा चुकी है. भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ देवी दर्शन के लिए प्रस्थान करेंगे.

श्री झूलण सेवा समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

इटारसी.आगामी 21 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्री झूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव की तैयारियों को लेकर भगवान श्री झूलेलाल मंदिर, सिंधी कॉलोनी में आयोजित बैठक में श्री झूलण सेवा समिति के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया. वासुदेव खुरानी को समिति का अध्यक्ष, सौरभ शिवनानी को सचिव तथा गंगाराम बिजलानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया. बैठक में विभिन्न पदों पर भी नियुक्तियां की गईं. संस्थापक सदस्यों, संरक्षकों और मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने का आह्वान किया.

In The Court of I Additional District and Session Judge, Tehshil Court, Hoshangabad
Presiding Officer: श्रीमती अनीता खजुरिया
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS A /0000005/2026)
नूरजहां द्वारा मुमताज अहमद सिददीकी .....वादी
Vs
मोहम्मद अकील.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 10/08/2026
प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता - दैनिक समाचार पत्र नवभारत इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र
यह कि प्रार्थी नूरजहां द्वारा मुमताज अहमद सिददीकी ने आपके विरूद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 34 विशिष्ट राहत अधिनियम 1963 के लिये वाद संस्थित किया है . आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें . आज तारीख 03 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
अनीता खजुरिया
जिला न्यायाधीश
इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र
टिप्पणी -आवेदन की कापी पेश नहीं
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा.

अभियान | नालों ने उगली प्लास्टिक की सामग्री, पॉलिथीन और थर्माकोल

बाजार क्षेत्र में चला विशेष स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 9 जुलाई . बाजार क्षेत्र में गुरूवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस दौरान जल भराव की समस्या को देखते हुए नपा की टीम द्वारा बाजार क्षेत्र के समूचे नालों के चैम्बर हटाकर सफाई की गई. यह अभियान नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ वैभव देशमुख के निर्देशन पर स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने चलवाया.

उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान नाले नालियों के चेम्बर्स खोलकर सफाई की गई. जिसमें भारी मात्रा में प्लास्टिक की बोतलें, प्लास्टिक की समाग्री, पालिथिन, थर्माकोल निकला. स्वच्छता अभियान के दौरान पर्यवेक्षक संजय लुटारे, कमलेश तिवारी सहित स्वच्छताकर्मी उपस्थित रहे. विदित हो बुधवार को हुई तेज बारिश के कारण बाजार क्षेत्र में कई स्थानों पर जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई थीं. जिससे अमजनों सहित दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा था. नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की सहयोग की अपील नपाध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों से नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की है. उन्होंने संयुक्त से आग्रह किया है कि अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखें. यहां वहां न फैंकें. कचरा सड़क पर फैंकने से बारिश के पानी के पानी के साथ मिलकर नाले नालियों को चोक करते हैं.

विद्यार्थियों को मिले संतुलित जीवन के सात सूत्र

नवभारत न्यूज़

इटारसी, 9 जुलाई . शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में गुरुवार को आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार में विद्यार्थियों को मानसिक तंदुरुस्ती के महत्व से अवगत कराया गया. मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ वैभव पालीवाल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी और तनावपूर्ण दौर में मानसिक स्वास्थ्य सफलता की बुनियादी आवश्यकता है.

उन्होंने आत्म-जागरूकता, आत्म-सम्मान, भावनात्मक नियंत्रण, सकारात्मक संबंध, जीवन के उद्देश्य, लचीलेपन और स्वयं की देखभाल को मानसिक तंदुरुस्ती के सात प्रमुख स्तंभ बताते हुए इनके व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने विद्यार्थियों को डायरी लेखन, गहरी सांसों के अभ्यास और सकारात्मक सोच को दैनिक जीवन में अपनाने की सलाह दी. सेमिनार में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन भी जुड़े. कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी पल्लवी नरवरे सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. अंत में प्राचार्य आर. चोलकर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को बेहतर पेशेवर के साथ-साथ संवेदनशील और संतुलित नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं. यह सेमिनार युवाओं को आत्म-विकास और मानसिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण संदेश देकर संपन्न हुआ.